संख्या- 30 /2017/1292/30-3-17-6बी/2014

प्रेषक,

मुहम्मद अख़लाक़ खॉ,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ: दिनॉक 15 मई, 2017

विषय :- उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष नियमावली, 2014 के अन्तर्गत कोष प्रबन्धन समिति की बैठक दिनॉक 27-12-2016 के अनुमोदन के क्रम में वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-528स0सु0/2017-73स0सु0/2015-16, दिनॉक 01-05-2017 के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कोष प्रबन्धन समिति की बैठक दिनॉक 27-12-2016 के अनुमोदन के क्रम में वित्तीय वर्ष 2017-18 में सड़क सुरक्षा कोष (राजस्व मद) में प्राविधानित धनराशि रू0 1499.67 लाख के सापेक्ष लेखानुदान हेतु उपलब्ध धनराशि रू0 624.86 लाख से रू0 449.50 लाख (रू0 चार करोड़ उनचास लाख पचास हजार मात्र) को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित निम्नलिखित कार्य हेतु उनके सम्मुख विवरण एवं धनराशि के अनुसार व्यय किये जाने की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

क्र0सं0	प्रस्तावित कार्य	वित्तीय वर्ष 2017-18 हेतु प्रस्तावित धनराशि (रू0 लाख में)	स्वीकृत धनराशि (रू0 लाख में)
1	2	3	4
1	परिवहन विभाग के प्रवर्तन कर्मचारियों के चेकिंग हेतु टार्च क्रय किया जाना	4.08	4.08
2	रेट्रो रिफ्लेक्टिव जैकेट	8.92	8.92
3	एफएम/रेडियो सिटी आदि पर सुरक्षा नियमों का प्रचार-प्रसार एवं टेलीविजन पर स्नैक शॉट	4.30	4.30
4	कबाल शहरों में न्यूनतम 50-50 शेष जनपदों में संभागीय मुख्यालयों एवं गौतमबुद्धनगर में 10-10 तथा अवशेष जनपदों में 5-5 स्क्राल सिस्टम लगवाया जाना (प्रति यूनिट रू0 25000/-)	168.75	168.75
5	विभिन्न मोटर ऑपरेटर्स यूनियन के समन्वय से चालकों का प्रशिक्षण/रिफ्रेशर कोर्स कराना (न्यूनतम 10 कार्यक्रम प्रति जनपद एवं प्रत्येक कार्यक्रम हेतु न्यूनतम खर्च रू0 20000/-)	150.00	150.00
6	समस्त जनपदों में एक-एक एल0सी0डी0 लगाया जाना (प्रति एल0सी0डी0 हेतु अनुमानित मूल्य रू0 100000/-)	75.00	75.00
7	(क) कक्षा-6 से 10 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराना, जिसमें प्रथम तीन विजेताओं को क्रमश: रू0 51000/-, 21000/- एवं 11000/- का पुरस्कार दिया जाना और वर्कशॉप के आयोजन हेतु अनुमारित व्यय रू0 51000/- (ख) उपर्युक्त कक्षाओं में ही पढ़ने वाले विद्यार्थियों में उपरोक्त प्रकार की भाषण प्रतियोगिता 18 संभागीय मुख्यालयों पर प्रतियोगिता का आयोजन जिनमें प्रथम तीन विजेताओं को क्रमश: रू0 21000/-, 15100 तथा 11000/- का पुरस्कार दिया जाना तथा प्रत्येक वर्कशाप हेतु अनुमानित व्यय रू0 32500/- (ग) उपर्युक्त कक्षाओं में ही पढ़ने वाले विद्यार्थियों में उपरोक्त प्रकार की भाषण प्रतियोगिता 56 उप संभागीय कार्यालयों पर प्रतियोगिता का आयोजन जिनमें प्रथम तीन विजेताओं को क्रमश: रू0 11000/-, 5100 तथा 2100/- का पुरस्कार दिया जाना तथा प्रत्येक वर्कशाप हेतु अनुमानित व्यय रू0 22500/-	38.45	38.45
	योग =	449.50	449.50 (रू0 चार करोड़ उनचास लाख पचास हजार मात्र)

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(1) आवंटित धनराशि को व्यय करने से पूर्व वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-बी-1-795/दस-2014-231/2014, दिनॉक 14-03-2014 व कार्यालय-ज्ञाप संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनॉक 22-07-2014 तथा क्रय संबंधी मामलों में उद्योग विभाग द्वारा समय-समय पर जारी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाय एवं जहॉ टेण्डर आदि की आवश्यकता हो वहॉ उसका नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(2) व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल और फाइनेन्सियल हैण्ड्बुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(3) उपरोक्त के सम्बन्ध में व्यय की जाने वाली धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराने का दायित्व परिवहन आयुक्त का होगा।

(4) उपरोक्त के सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2017-18 के राजस्व मद के अन्तर्गत "लेखाशीर्ष-3055-सड़क परिवहन-800-अन्य व्यय-05-उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष से व्यय-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

2- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(मुहम्मद अख़लाक़ खॉ)
विशेष सचिव।

संख्या-30/2017/1292(1)/30-3-2017, तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, परिवहन आयुक्त कार्यालय, लखनऊ।
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9
7- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, लखनऊ।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(विनोद कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।